nt>

Title: Need for protection and conservation of Bayana Fort in Bayana Parliamentary Constituency, Rajasthan. − Laid.

श्री राम स्वरूप कोली (बयाना) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान में बयाना लोक सभा क्षेत्र में ही एक ऐतिहासिक किला है। यह हिन्दुस्तान में एक अलग ही पहचान रखता है, लेकिन पुरातत्व विभाग एवं सरकारों की अनदेखी के कारण यह किला जीर्ण-क्षीण हो रहा है। अतः बयाना के किले को पर्यटक स्थल घोषित किया जाये। इसमें मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करायी जायें, जिससे हिन्दुस्तान के मानचित्र पर यह उभर कर आ सके।

बयाना को पर्यटक स्थल घोषित कर, उसको दिल्ली-जोन में शामिल किया जाना आवश्यक है।